तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 7 मार्च 2026



4 मजदूरों के ई-केवाईसी में तमनार ब्लॉक अव्वल, 100 फीसदी का लक्ष्य हो गया पूरा






## खबर संक्षेप

### पीएम आवास में लापरवाही नगोई सचिव निलंबित

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के कार्यों में लापरवाही बरतने के मामले में ग्राम पंचायत सचिव पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देश पर जनपद पंचायत खरसिया अंतर्गत ग्राम पंचायत नगोई के सचिव जीवन लाल राठिया को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत खरसिया के पत्र के माध्यम से प्राप्त प्रतिवेदन में पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत स्वीकृत निर्माण कार्यों को पूर्ण कराने में सचिव जीवन लाल राठिया द्वारा रुचि नहीं ली जा रही थी। साथ ही उच्च अधिकारियों के आदेश एवं निर्देशों की अवहेलना करते हुए अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती जा रही थी।

### महिला वेल्यूअर नहीं ले जा सकती हैं पर्स, मोबाइल भी बेन

# बोर्ड की कॉपियों की जांच 16 से, 13 को पहुंचेंगी जिले के दो केंद्रों में अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिका

**दोनों सेंटर में डेढ़ हजार वेल्यूअरों की तैनाती, हर विषय के 10-12 शिक्षक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

16 मार्च से 10-12 वीं बोर्ड के कॉपियों की जांच शुरू हो जाएगी। पहले फेज के लिए 13 मार्च को जिले के दो जांच सेंटरों में अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिका भी पहुंच जाएगी। गोपनीय सामग्री पहुंचने के बाद उसका पहले मिलान किया जाएगा। इसके बाद 16 से जांच होगी। इस बार बोर्ड की ओर से एक विशेष हिदायत वेल्यूअरों के लिए दी गई है। इसमें महिला वेल्यूअरों को सेंटर में पर्स ले जाने की इजाजत भी नहीं होगी। मोबाइल तो बैन है ही। यदि मोबाइल और पर्स लेकर आएंगे भी तो बाहर में छोड़ना पड़ेगा। कुल मिलाकर इस बार काफी गोपनीयता बरती जा रही है। इस बार अप्रैल के आखिरी में 10-12 वीं बोर्ड का परिणाम जारी हो जाएगा। इसके लिए परीक्षा भी समय से पहले पहली चालू हो गई थी और बोर्ड की कॉपियों की जांच भी समय पर पूरा करने कहा गया है। ऐसे में 16 मार्च से जांच शुरु हो जाएगी। जिले में बोर्ड के अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की जांच के लिए दो सेंटर नटवर स्कूल और पुत्री शाला को बनाया गया है। कॉपी जांच के लिए करीब डेढ़ हजार वेल्यूअरों की तैनाती की गई है। हालांकि वेल्यूअरों के पास सीधे कोई आदेश नहीं आता बल्कि संबंधित स्कूल में भेजी जाती है। वहां से रिलीव किया जाता है। संबंधित विषय की जांच पूरी होने के बाद वेल्यूशन सेंटर से फिर रिलीव आर्डर दिया जाता है।




#### 9 मार्च तक भेजी जाएगी पहले फेज में

20-21 फरवरी से ही इस साल 10-12 बोर्ड की परीक्षाएं चालू हो गई है। दोनों कक्षा की पेपर लगभग खत्म होने वाली है। किसी कक्षा का एक किसी का दो विषय मुख्य विषय बाकी है। दूसरी ओर जांच के लिए 9 मार्च तक जिन विषयों की परीक्षा हुई है उसे जांच के लिए भेजी जाएगी। इसके बाद जो विषय बाकी होगी उसे 23 मार्च को भेजी जाएगी। याने दोनों सेंटरों में दो- दो लॉट कॉपी आएगी।

#### चार साल बाद लौटा पुराना सेंटर

सालों तक बोर्ड की अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं की जांच नटवर स्कूल में हो रही थी। चार साल पहले राजनीति करके नटवर स्कूल से हटाकर जूटमिल स्कूल को सेटर बना दिया गया था। हालांकि वहां न तो संसाधन है और न ही कमरे। ऐसे में इस साल जूटमिल स्कूल के प्राचार्य ने वेल्यूशन सेंटर बदलने खुद लिखित में दे दिया था। इसके बाद नटवर स्कूल को दोबारा वेल्यूशन सेंटर बनाया गया है। यहां पर्याप्त कमरों के अलावा सभी तरह की सुविधाएं भी हैं।

### हाइवा चालकों से लूट और डीजल चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने हाईवा वाहनों से डीजल चोरी कर चालक से मारपीट कर नगदी लूटने वाले गिरोह पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो वाहन, करीब 170 लीटर डीजल, नगदी 500 रुपए तथा अपराध में प्रयुक्त लोहे का रॉड, डंडा और पाइप जप्त किया है। घटना के संबंध में हाईवा चालक मुकेश यादव पिता खुथ्थू यादव उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम धनवाही थाना इंदवार जिला उमरिया मप्र ने 03 मार्च को थाना तमनार में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वर्तमान में भालूमुड़ा रेलवे साइडिंग में हाईवा चालक का कार्य करता है। 2 मार्च की रात वह अपने हाईवा क्रमांक सीजी 10 बीके 9082 को भालूमुड़ा रेलवे साइडिंग में खड़ा कर वाहन में ही सोया हुआ था। साइडिंग में अन्य पांच हाईवा भी खड़े थे, जिनके चालक होली मनाने अपने.अपने घर चले गए थे।

### विशेष टीम ने किया पॉक्सो एक्ट के फरार आरोपी को गिरफ्तार

रायगढ़। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी शंकर बरेठ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। होली त्यौहार को देखते हुए थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल द्वारा थाने में दर्ज अपराधों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित कर लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी दौरान से सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस टीम ने बैकुंठपुर क्षेत्र में दबिश देकर आरोपी शंकर बरेठ को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। मामले में एक स्थानीय बालिका द्वारा 14 नवंबर 2025 को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह अपनी सहेलियों के साथ प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक पर जाती थी। बीते 10 नवंबर को वह अपनी सहेली के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थी, तभी भूतबधन तालाब के पास आरोपी ने उसके साथ छेड़खानी की। भय के कारण बालिका ने यह बात घर में किसी को नहीं बताई। बाद में 13 नवंबर को स्कूल से घर लौटते समय आरोपी ने फिर से उसके साथ छेड़खानी की, जिसके बाद बालिका ने पूरी घटना अपने माता.पिता को बताई और थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में आरोपी के विरुद्ध धारा 74, 75,2, 75,3 भारतीय न्याय संहिता और 8, 12 पॉक्सो एक्ट' के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

# पुलिस कस्टडी में लकवा,इलाज के दौरान मौत, होगी मजिस्ट्रियल जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हत्या मामले में पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए ग्रामीण पुलिस कस्टडी में ही लकवाग्रस्त हो गया। उसे इलाज के लिए रायगढ़ के बाद रायपुर रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत की खबर जैसे ही परसकोल गांव के ग्रामीणों को हुई तो पूरा गांव उबल पड़ा। पहले तो आक्रोशित लोगों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी करने लगे। बाद में एनएच 49 में धरने पर बैठ गए। इससे दोनों ओर भारी वाहनों की लंबी लाइन लग गई। उधर खरसिया विधायक उमेश पटेल को लगी तो सीधे रायपुर से ही धरना स्थल पहुंच गए। बाद में प्रशासन ने संबंधित पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और पूरे मामले की



मजिस्ट्रियल जांच के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ। खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसकोल में मृतक रमेश चौहान की मृत्यु के संबंध में ग्रामीणों द्वारा गुरुवार को एसडीएम कार्यालय खरसिया एवं नेशनल हाईवे पर प्रदर्शन किया गया। प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं तथा संबंधित पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 मार्च को ग्राम परसकोल के लगभग 150-200 ग्रामीण शाम करीब 4:30 बजे एसडीएम कार्यालय खरसिया पहुंचे और मृतक रमेश चौहान की मृत्यु को लेकर नारेबाजी करने लगे। ग्रामीणों का आरोप था कि रमेश चौहान की मृत्यु पुलिस द्वारा प्रताड़ना के कारण हुई है। ग्रामीणों द्वारा लगभग शाम 7 बजे तक एसडीएम कार्यालय परिसर में नारेबाजी की गई। इसके पश्चात सभी ग्रामीण ग्राम बोतल्दा चौक स्थित नेशनल हाईवे पर पहुंचकर मुख्य मार्ग पर बैठ गए, जहां उनकी संख्या बढ़कर लगभग 200-250 हो गई। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक भी ग्रामीणों के साथ मौजूद रहे। ग्रामीणों द्वारा मृतक रमेश चौहान की मौत की मजिस्ट्रियल जांच , मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा एवं सरकारी नौकरी, दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की जा रही थी। प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों तथा एसडीएम खरसिया द्वारा ग्रामीणों को समझाइश दी गई। प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद सभी ग्रामीण मुख्य मार्ग से हटकर अपने-अपने ग्राम परसकोल लौट गए। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। प्रशासन द्वारा मृतक के परिजनों की मांगों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करते हुए रमेश चौहान की मृत्यु की मजिस्ट्रियल जांच कराने के आदेश दिए गए हैं।




## खबर संक्षेप

### सरस स्वदेशी मेला में बिक्री ठप, व्यापारी चिंतित

राउरकेला। सेक्टर.13 मेला मैदान में सरस स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। पहले यह मेला सुंदरगढ़ में आयोजित होता था। पहली बार राउरकेला शहर में इसका आयोजन होना स्वागतयोग्य कदम माना जा रहा है। हालांकि मेले में कई तरह की अव्यवस्थाएं देखने को मिल रही हैं, जिससे स्टॉल व्यवसाय को लेकर व्यापारियों में असंतोष फैल गया है। जितने स्वयं सहायता समूह और राज्य के बाहर से सरकारी पंजीकृत संस्थाएं आई हैं, उससे अधिक संख्या में निजी संस्थाओं को स्टॉल आवंटित किए गए हैं। सरकारी कार्यक्रम में तीसरी संस्था मध्यस्थ की भूमिका निभा रही है। जिला प्रशासन की ओर से उन पर कोई नियंत्रण नहीं होने के कारण निर्धारित संख्या से 100 से अधिक अतिरिक्त स्टॉल खोल दिए गए हैं।

### कलुंगा पुलिस आउट पोस्ट को थाना बनाने की मांग

राउरकेला। कलुंगा विकास परिषद की ओर से कलुंगा स्थित पुलिस आउट पोस्ट को पूर्ण पुलिस थाना में परिवर्तित करने की मांग उठाई गई है। इस संबंध में परिषद के प्रतिनिधियों ने राउरकेला के पुलिस अधीक्षक एसपी को ज्ञापन सौंपकर इस पर जल्द निर्णय लेने का आग्रह किया। परिषद के अनुसारए कुछ दशक पहले कलुंगा में पुलिस थाना हुआ करता थाए लेकिन राउरकेला शहर के विस्तार के बाद इसे ब्राह्मणीतरंग स्थानांतरित कर दिया गया। वर्तमान में कलुंगा एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र बन चुका है, जहां जनसंख्या और विभिन्न गतिविधियों में लगातार वृद्धि हो रही है।

### सड़क हादसे में सीडीपीओ के पति की मौत, मां-बेटी गंभीर



राउरकेला। एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में सुंदरगढ़ जिले के गुरुनडिया सीडीपीओ के पति की मृत्यु हो गई। जबकि सीडीपीओ स्वयं और उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतक की पहचान गुरुनडिया सीडीपीओ अनुपमा गोछायत के पति रूपेश साहू के रूप में हुई है। घायलों अनुपमा गोछायत और उनकी बेटी को उन्नत चिकित्सा उपचार के लिए राउरकेला रेफर किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार यह दुर्घटना बोनई उपखंड के महुलपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलझर के पास हुई। सीडीपीओ अपने परिवार के साथ निजी कार्य से क्योंझर गई थीं। लौटते समय उनकी निजी कार अनियंत्रित होकर क्योंझर फुलझर मार्ग पर एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि रूपेश साहू की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि अनुपमा गोछायत और उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को पहले स्थानीय लोगों की मदद से बचाया गया और बाद में उपचार के लिए राउरकेला लाया गया। दोनों का राउरकेला के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### 110वीं जयंती कलिंग वीर बीजू बाबू को नमन

राउरकेला। ओडिशा के महान सपूत, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और प्रवाद पुरुष बिजू पटनायक की 110वीं जयंती 5 मार्च को राउरकेला में बीजू जनता दल बीजद द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। राज्य बीजद अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के आह्वान पर भुवनेश्वर गए राउरकेला के विधायक शारदा प्रसाद नायक के निर्देशानुसार छेंड कॉलोनी के कलिंग विहार स्थित बीजू बाबू की प्रतिमा के समक्ष कार्यक्रम आयोजित हुआ। नगर अध्यक्ष गगन पंडा की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठए महिलाए युवा और छात्र नेताओं व कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। शबीजू बाबू अमर रहेंश के नारों से परिसर गूंज उठा। इस दौरान वरिष्ठ बीजद नेता काशीनाथ लेंका के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुदाम दास ने कहा कि बीजू पटनायक ने नए ओडिशा के निर्माण के साथ राज्य को विश्व पटल पर पहचान दिलाई।

### पीड़ित परिवारों ने एसपी विधायक से मांगा न्याय

राउरकेला। शहर के सेक्टर.6 की बस्ती में दो समूहों के बीच कल हुई गुटीय झड़प में सात लोग घायल हो गए, जिनमें एक 5 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल है। झड़प में कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। घायलों में यह बच्चा सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटों के कारण बुरला मेडिकल में स्थानांतरित किया गया। घटना के विरोध में स्थानीय बस्तीवासियों ने गुरूवार दोपहर में राउरकेला एसपी से मिलकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। एसपी ने आश्वासन दिया कि दोषियों के खिलाफ सख्त और कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मामले की पूरी जांच की जा रही है।

## नवधा रामायण समिति ने हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन समारोह

# पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच उत्साह के साथ मना रंगों का पर्व होली

सरिया। होली के दौरान सीनियर सिटीजन एवं गणमान्य नागरिकों के घर पहुंच कर होली मिलन समारोह के रूप में मनाया गया। इस मौके पर सभी लोगों ने नवधा रामायण समिति के अभिनव पहल की सराहना करते हुए इसी तरह आने वाले वर्षों में होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित कर अपनी संस्कृति को कायम रखने की बात कही। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में रंगों का पर्व होली इस बार नगर में भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के कारण लोगों ने शांतिपूर्ण ढंग से होली पर्व उल्हास के साथ मनाया।




वही नगर के वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 के महिला समिति के द्वारा सामूहिक रूप से होली उत्सव मनाए। इस दौरान सभी के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई। महिला समिति ने बताया कि विगत चार वर्षों से हम लोगों के द्वारा होली उत्सव मनाते आ रहे हैं ।जिसमें मोहल्ले के सभी लोगों का सहयोग रहता है। इस बार नगर के धार्मिक अनुष्ठान नवधा रामायण समिति के द्वारा अभिनव पहल करते हुए नगर के सीनियर सिटीजन एवं गणमान्य नागरिकों के यहां पहुंचकर होली मिलन समारोह का आयोजन किया और तिलक होली लगाया। जहां बड़े बुजुर्गों ने नवधा रामायण समिति के उक्त पहल की सराहना की। सेवानिवृत्ति आर्मी सालिक राम डनसेना, रामायण समिति के वरिष्ठ धर्म परायण किशोरी लाल स्वर्णकार एग्राम के बैग कृष्ण चंद सिदार, सेवानिवृत्ति वरिष्ठ शिक्षक कृपा सिंधु प्रधान, पंडित सत्यनारायण महापात्र, किसान संघ सरिया के संरक्षक मोहन पटेलए मनोहर लाल गुरू, ग्राम गौंटिया मिनकेतन प्रधान, थाना प्रभारी प्रमोद यादव, ब्रह्माकुमारी संस्था की बहन सुनयना बहन सहित वरिष्ठ नागरिकों के घर पहुंच कर तिलक होली मनाया गया। नवधा रामायण समिति के पदाधिकारी षष्टी चरण गुरु ने बताया कि यह हमारे अनुष्ठान का एक छोटा सा प्रयास है। इसी तरह आने वाले दिनों में भी धार्मिक कार्यक्रम एवं हमारी संस्कृति को बनाए रखने हेतु समिति कार्यक्रम आयोजित कर सामाजिक समरसता का कार्य पर बल दे रहा है।



## पंचांग पूजन व हरिहर, मिलन अनुष्ठान में उमड़े श्रद्धालु

सरिया। होली पर्व के अवसर पर नगर के जगन्नाथ मंदिर में पंचांग पूजन व हरिहर मिलन अनुष्ठान धूमधाम से संपन्न हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में होली पर्व के दिन प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर में पंचांग पूजन एवं भगवान शिव एवं विष्णु का हरिहर मिलन के रूप में अनुष्ठान संपन्न हुआ। सरिया तहसील मुख्यालय में होली के अवसर पर उड़िया पांजी विशेष रूप से विशुद्ध खड़ी रत्न पांजी के नाम से जाना जाता है। जो उड़िया संस्कृति धर्म और ज्योतिष में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। जिसे पांजी के रूप में लोग जानते हैं। और इसे हिंदी में पंचांग के रूप में जाना जाता है। क्योंकि यह खगोल विज्ञान और जगन्नाथ संस्कृत के अनुसार सटीक तिथियां की गणना करती है। इसलिए उड़ीसा बॉर्डर क्षेत्र होने के कारण सरिया नगर व अंचल में इसकी महत्व एवं सटीक बैठने के कारण लोगों में आस्था और विश्वास है। जिसे होली के दिन विधिवत पूजा पाठ कर लोग अपना जीवन यापन करते हैं। उड़िया पांजी की परंपरा सन 1898 से अब तक किया जा रहा है। उड़िया परिवार में यह सिर्फ एक कैलेंडर नहीं बल्कि धार्मिक अनुष्ठान, विवाह, त्योहार एकादशी, संक्रांति और पूर्णिमा का सटीक समय जानने के लिए इसका उपयोग अंचल में किया जाता है। पांजी प्रारंभ करने के पहले भगवान जगन्नाथ एभगवान विष्णु का स्मरण कर पांजी पर फूल, चंदन और सिंदूर चढ़ा कर आशीर्वाद लिया गया। ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान ने बताया कि उड़िया पांजी को शुभ मुहूर्त में पढ़ने या पांजी खोलने की परंपरा यहां प्रतिवर्ष होली के दिन किया जाता है। इस पंचांग के माध्यम से तिथि एनक्षत्र एशुभ मुहूर्त गणना की जाती है। मान्यता है की पूजा के बाद पांजी को पढ़ने से पूरे वर्ष भर घर में सुख समृद्धि और शुभ कार्य निर्विघ्न संपन्न होते हैं। इसके साथ ही यहां शाम को हरिहर मिलन का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## नगर में सादगी और धूमधाम के साथ मनाया गया रंगोत्सव



चंद्रपुर। मां चंद्रहासिनी की पावन धार्मिक नगरी चंद्रपुर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रंगों का पावन पर्व होली सादगीए उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। नगर के विभिन्न मोहल्लोंए गलियों तथा चौक.चौराहों जैसे यादव मोहल्ला, देवांगन मोहल्ला, माली मोहल्ला, भारत माता चौक, मंदिर चौक शशिपुर बस्ती, जबरनपुर बस्तीएबस स्टैंड में लोगों ने एक.दूसरे को रंग.गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली के अवसर पर नगर के माली मोहल्ला, देवांगन मोहल्ला शशिपूर बस्ती पर भगवान श्री कृष्ण जी की डोला यात्रा निकाली गईए, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। वहीं देवांगन समाज के युवक.युवतियों ने भी आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ होली खेलकर पर्व की खुशियां साझा कीं। नगर के कई मोहल्लों में जैसे केशरवानी समाज एवं शशिपुर देवांगन समाज की महिलाओं द्वारा पारंपरिक नाच.गाने का आयोजन किया गया, जिससे माहौल और भी उत्सवमय हो गया। बच्चे सुबह से ही पिचकारी और रंग.बिरंगे गुब्बारों के

## नामयज्ञ समिति ने मनाई भक्तिमय हरि होली

चंद्रपुर। नगर के वार्ड क्रमांक 6 मालीपारा स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में नामयज्ञ समिति द्वारा इस वर्ष भी हरि होली का आयोजन भक्तिमय वातावरण में किया गया।

इस अवसर पर नगर में धार्मिक और सांस्कृतिक माहौल देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समिति के सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी होली पूर्व संध्या पर भगवान श्री राधा.कृष्ण की डोला यात्रा निकाली गईए जिसके पश्चात पारंपरिक रूप से होलिका दहन किया गया। इस बार के आयोजन की विशेषता यह रही कि डोला यात्रा में 55 बच्चों ने भगवान श्री राधा.कृष्ण की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत किया। जिसे देखकर श्रद्धालु भाव.विभोर हो गए। वहीं रात्रि में भजन संध्या का भी आयोजन किया गयाए जिसमें भक्तों ने भजन.कीर्तन के माध्यम से भगवान का गुणगान किया। होली उत्सव के दिन सायंकाल चैतन्य महाप्रभु प्रकट उत्सव के उपलक्ष्य में मालीपारा



स्थित जगन्नाथ मंदिर प्रांगण से नगर कीर्तन निकाला गया। यह नगर कीर्तन बस स्टैंड, तुलसी मानस मंच होते हुए श्री गोपाल जी मंदिर तथा नगर के राजपरिवार भूपेंद्र सिंह देव के निवास तक पहुंचा और पुनः मालीपारा मंदिर प्रांगण में समापन हुआ। नगर कीर्तन के दौरान विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भगवान श्री राधा.कृष्ण का पूजन किया गया। बस स्टैंड में मातृशक्ति समूह की अंजली वैष्णव, डॉली साहू, पार्वती निषाद सहित अन्य महिलाओं ने पूजन किया। वहीं तुलसी मानस मंच में नगर अध्यक्ष ओमप्रकाश, संतराम यादव एवं अन्य सदस्यों ने पूजा.अर्चना की। इसके बाद श्री गोपाल जी मंदिर में श्री शरद अग्रवाल तथा राजपरिवार की ओर से भूपेंद्र सिंह देव ने भगवान का पूजन किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने नामयज्ञ समिति द्वारा आयोजित भक्तिमय हरि होली की सराहना की।

## होली में डंडा नृत्य बना आकर्षण का केंद्र



रायगढ़। पुसौर ब्लॉक के ग्राम नेतनगर में होलिका दहन के साथ गांव युवाओं द्वारा डंडा नृत्य को चौक-चौराहों में लोग देखने के लिए उमड़ पड़े। वही विधि-विधान से गांव के देवी-देवताओं को गांव बैगा पुजारी द्वारा पूजा अर्चना की गई। वही इस क्षेत्र के युवा कलाकार पांडव पटेल के नया एलबम फागुन महिना माते है होली के गानों से गांव गली मोहल्ले में लोग झूमते नजर आए। पांडव पटेल ने बताया नेतनागर होली पर्व शांति मय माहौल में धूमधाम से मनाया गया।

## कलेक्टर ने अफसरों को दिए जनगणना कार्य के लिए गंभीरता से प्रशिक्षण लेने के निर्देश



जशपुरनगर। गृह मंत्रालय जनगणना कार्य निदेशालय छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार भारत की जनगणना 2027 (प्रथम चरण 01 मई 2026 से 30 मई 2026 के कार्य संपादन हेतु जिले के सभी जिला स्तर के जिला जनगणना अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी, नगर जनगणना अधिकारी तथा जनगणना लिपिकों का दो दिवसीय जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण हेतु राज्य स्तर के संयुक्त निदेशक दीपक गोदे, जिला समन्वयक चतर सिंह तोमर तथा राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर वैद्यनाथ कुमार के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जनगणना 2027 पूर्ण रूप से डिजिटल माध्यम से किया जाना है। डिजिटल माध्यम के टूल्स एवं चार्ज अधिकारी, प्रगणक, पर्यवेक्षक के कर्तव्य के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर रोहित व्यास ने सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण गंभीरता से लेने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य करते समय सभी महत्वपूर्ण जानकारी अपडेट करना बेहद जरूरी है। प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी प्रशान्त कुमार कुशवाहा, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी श्री मनीष कुमार मिश्रा उप संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी जशपुर एवं सर्व अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, सर्व तहसीलदार चार्ज अधिकारी तथा सर्व नगर जनगणना अधिकारी मुख्य नगर पालिका, जनगणना लिपिक उपस्थित रहे।

## डॉ. परमानंद बने जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष

सरसीवा। संगठनात्मक मजबूती की दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़.बिलाईगढ़ में पदाधिकारियों का विस्तार किया गया है। इसी क्रम में सक्रिय संगठनात्मक भूमिका निभा रहे पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ परमानंद साहू को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति को जमीनी कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधित्व और संगठन में नई ऊर्जा के संचार के रूप में देखा जा रहा है। नियुक्ति के बाद डॉ. साहू ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पद उनके लिए केवल दायित्व नहीं, बल्कि जनविश्वास की कसौटी है।



उन्होंने स्पष्ट किया कि वे कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन.जन तक पहुंचाने, संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने तथा आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

## धूल की चादर में लिपटी बंडामुंडा रेलनगरी बन गई धूलनगरी

राउरकेला। रेलनगरी के नाम से पहचाने जाने वाला बंडामुंडा इन दिनों धूल की मोटी परतों में ढंका नजर आ रहा है। सड़कों पर उड़ती धूल अब यहां के लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुकी है। हालात ऐसे हैं कि घर से बाहर निकलते समय लोग अपने साथ जुगाड़ भी लेकर चल



रहे हैं किसी के चेहरे पर गमछा बंधा है तो कोई कपड़े से मुंह ढककर सफर कर रहा है। दृश्य ऐसा प्रतीत होता है मानो लोग अप्रैल-मई की तपती गर्मी में खुदको लू से बचा रहा हो, जबकि वजह है बेतहाशा उड़ती धूल। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़कों पर धूल की चादर और नियमित पानी के छिड़काव के अभाव में धूल का गुबार दिनभर हवा में तैरता रहता है। बाजार क्षेत्र, रेलवे कॉलोनियों और मुख्य मार्गों पर भी स्थिति कुछ ऐसा ही बना हुआ है। राहगीरों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में दिक्कत तक महसूस हो रही है। आसपास में रहने वाले लोग अब चर्म रोग तथा अस्थमा के बीमारी से जूझने लगा है।

### महावीर अखाड़ा व जीटी लेन अखाड़ा में श्रद्धा से हुआ झंडा व शस्त्र पूजन

राउरकेला। शहर के बिसरा चौक स्थित महावीर अखाड़ा तथा जीटी लेन के जय बजरंग अखाड़ा में गुरुवार 5 मार्च की रात श्रद्धा और उत्साह के साथ झंडा व शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। बिसरा चौक हनुमान मंदिर प्रांगण में राजू शर्मा और राकेश चक्रवर्ती के संयोजन में महावीर झंडा और शस्त्रों का विधिवत पूजन हुआ। पूजन के बाद महावीर झंडा को मंदिर और बिसरा चौक में स्थापित किया गया। इस दौरान अखाड़ा के सदस्यों ने लाठी और खड्ग का अभ्यास व प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष बीरेन पति, जगन्नाथ शर्मा, वैद्यनाथ शर्मा, बबलू गुप्ता, संतोष सिंह, बबन चक्रवर्ती, तापस चक्रवर्ती, कृष्णा वर्मा, दीपे सिंह, प्रिंस सिंह, सन्नी सिंह, रोशन शर्मा सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। इसी प्रकार जीटी लेन के बजरंग अखाड़ा में भी पंकज मूलचंदानी और नितेश सिंह गुगली के संयोजन में झंडा व शस्त्र पूजन सम्पन्न हुआ।

### चिरुबेड़ा क्षेत्र के ग्रामीणों को आज तक नहीं मिला शुद्ध पेयजल

सुंदरगढ़। सुंदरगढ़ जिला में बिसरा ब्लॉक के अंतर्गत मोनको पंचायत के अति नक्सल प्रभावित चिरुबेड़ा क्षेत्र में आज भी ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो सका है। आजादी के कई दशक बीत जाने के बावजूद यहां के लोग पीने के पानी के लिए खुले आसमान के नीचे स्थित चुआ प्राकृतिक जलस्रोत के पानी पर निर्भर हैं। चिरुबेड़ा के कल्याण टोली और गिरजा टोली में रहने वाले सैकड़ों परिवार प्रतिदिन पेयजल के लिए भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

### दिनदहाड़े बुजुर्ग महिला से 20 हजार की लूट, क्षेत्र में दहशत

बिरमित्रापुर। महिला ने अपनी जरूरत के लिए बैंक से 20 हजार रुपए निकाले थे। बैंक से बाहर निकलने के बाद वह पैदल घर की ओर जा रही थीं। इसी दौरान एक युवक स्कूटी पर वहां पहुंचा और अचानक उनके हाथ से नकदी छीनकर तेज रफ्तार से भाग निकला। घटना इतनी तेजी से हुई कि महिला कुछ समझ ही नहीं पाईं। आसपास मौजूद लोगों ने शोर सुनकर पीछा करने की कोशिश कीए लेकिन आरोपी भागने में सफल रहा। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी इसी स्थान पर इसी तरह की वारदात हुई थी। तब एक अन्य बुजुर्ग महिला से 4,200 रुपए की लूट की गई थी। वह अपने दिव्यांग बेटे के साथ पेंशन की राशि निकालकर लौट रही थीं तभी स्कूटी सवार अपराधी ने उन्हें निशाना बनाया था।

## जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे

# सुदूर वनांचल कापू में प्रशासन पहुंचा जनता के द्वार

रायगढ़। सुदूर वनांचल क्षेत्र के नागरिकों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा प्रशासन पहुंचेगा जनता के द्वार अभियान के तहत विकासखंड धरमजयगढ़ के तहसील मुख्यालय कापू स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी मांग एवं शिकायतें दर्ज कराई, जिनमें से कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर का अवलोकन कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया।



कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्रतानुसार अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर ने तत्काल निराकरण नहीं होने वाले आवेदनों की जांच कर नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा के भीतर निराकरण करने तथा आवेदकों को इसकी सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

### आवेदन लेना नहीं, समाधान जरुरी

कलेक्टर ने कहा कि शिविरों का उद्देश्य केवल आवेदन प्राप्त करना नहीं, बल्कि अधिकाधिक प्रकरणों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि आम नागरिकों को शासकीय कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें और प्रशासन के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ हो। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए आमजनों से विभागीय स्टॉलों का भ्रमण कर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा पात्रतानुसार लाभ उठाने का आग्रह किया। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, चिप्स, शिक्षा, आदिवासी विकास, वन, समाज कल्याण, श्रम, मछली पालन एवं पशुधन विकास सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए।

### पावर हॉउस रोड में दो युवकों को मारा चाकू

राउरकेला। होली के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर झड़प व हमले की घटनाएं सामने आई हैं। इसी क्रम में पावर हाउस रोड चौक के लाला होटल के समीप चाकूबाजी की घटना में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसारए बुधवार अपराह्न कुछ युवक पावर हॉउस चौक निकट होली खेल रहे थे। तभी बाइक पर सवार कुछ अन्य युवक वहां पहुंचे और कथित रूप से दो युवकों पर भुजाली से हमला कर फरार हो गए। अचानक हुए इस हमले से इलाके में सनसनी फैल गई। घायलों को तत्काल राउरकेला सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए एक को आई जी एच व दूसरे को जेपी अस्पताल में रेफर कर दिया गया।चिकित्सकों के अनुसार दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 7 दिन में जानकारी करने का निर्देश

रायगढ़। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कॉलेज स्तर के तहत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति राशि अब आधार सीडिंग वाले बैंक खातों में सीधे भुगतान की जा रही है। इसी क्रम में प्रशासन ने ऐसे विद्यार्थियों को अपने बैंक खाते की जानकारी तुरंत अपडेट करने के निर्देश दिए हैं, जिनकी छात्रवृत्ति आधार सीडिंग इनएक्टिव होनेए बैंक खाता गलत दर्ज होने या बैंक खाता बंद होने के कारण प्राप्त नहीं हो पाई है।



# होली की वो पार्टी जिसमें जुटता था पूरा बॉलीवुड

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे मशहूर होली पार्टियों की बात की जाए तो आज भी दिवंगत राज कपूर की होली पार्टी का नाम सबसे ऊपर आता है। बताया जाता है कि राज कपूर अपने बेटों रणधीर कपूर, ऋषि कपूर और राजीव कपूर और भाइयों शशि कपूर, शम्मी कपूर और नंदी कपूर के साथ मिलकर आर के स्टूडियो में होली पार्टी होस्ट करते थे, जिसमें ना केवल उनका पूरा खानदान, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री की कई दिग्गज हस्तियां शामिल होती थीं। दिलीप, प्राण, प्रेमनाथ, अमिताभ बच्चन, सिंगर मुकेश, संगीतकार जोड़ी शंकर-जयकिशन और मनमोहन समेत सभी सेलेब्स इस पार्टी के दौरान रंग में सराबोर नज़र आते थे।

लाइफ Style



# एलनाज

## मैं ईरान गई तो वो मार देंगे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड और वेब सीरीज दर्शकों के बीच लोकप्रिय एलनाज नौरोजी ने एक बार फिर अपनी राय को पद पर रखकर सुर्खियां बटोरी हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के पर प्रतिक्रिया देते हुए एलनाजने स्पष्ट किया है कि वह अपने देश ईरान वापस नहीं जा सकतीं, क्योंकि उन्हें जान का खतरा है।

एलनाज ने 2017 में एक पाकिस्तानी फिल्म से अपना एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 2018-19 में उन्होंने सैक्रेड गेम्स के दो सीजन में जोया का किरदार निभाया, जिससे उन्हें अपार पॉपुलैरिटी मिली। वह अभय, मेड इन हेवेन, जग जग जीयो और मस्तीज 4 जैसे प्रोजेक्ट्स में भी नजर आ चुकी हैं। 2023 में उन्होंने जेरार्ड बटलर के साथ हॉलीवुड फिल्म कंधार से वहां डेब्यू किया था। एक नए इंटरव्यू में एलनाज ने कहा है कि वह अपने देश ईरान नहीं लौट सकती हैं, क्योंकि अगर ईरान गईं तो उन्हें मार दिया जाएगा। बॉलीवुड और टीवी सेलेब्स भी इस मसले पर अपनी-अपनी राय रख रहे हैं। एक इंटरव्यू में एलनाज ने साफ किया कि उनका विरोध ईरान के लोगों के खिलाफ नहीं, बल्कि वहां के शासन यानी इस्लामिक रिपब्लिक के खिलाफ है। उन्होंने कहा, 'जब हम ईरान की बात करते हैं, तो मैं इस्लामिक रिपब्लिक और ईरान के लोगों के बीच फर्क करना चाहूंगी। इस्लामिक रिपब्लिक ने देश पर कब्जा कर रखा है। ईरान के ज्यादातर लोग स्मार्ट और पढ़े-लिखे हैं और उनकी मान्यताएं इस्लामिक रिपब्लिक से अलग हैं। उन्होंने आगे कहा कि एक समय ईरान के इजराइल और अमेरिका से भी अच्छे संबंध थे।

हॉलीवुड मसाला



# बुराई पर जीत हासिल करेगी अच्छाई

**लॉस एंजिल्स।** इजरायली हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के बाद मिडिल ईस्ट में संघर्ष तेजी से फैल गया है। 3 मार्च को प्रियंका चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि 'दुनिया में बहुत कुछ हो रहा है, यह कठिन और भारी है, लेकिन प्रकाश हमें रास्ता दिखाता है। यहां बुराई पर अच्छाई की जीत के लिए होलिका दहन।' उनका यह संदेश उन चुनौतियों के बीच आया है, जो हाल ही में यूएस-ईरान संघर्ष और मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण दुनिया भर में महसूस किए जा रहे हैं।



# एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए किया काम

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर अमेरिकी एक्टर एरिक डेन का निधन हो गया। वे 53 साल के थे। उनकी मौत सिनेमा जगत के लिए किसी नुकसान से कम नहीं। उनकी मौत एमियोट्रोफिक लैटरल स्क्लेरोसिस नाम की गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारी से हुई। एरिक ने अप्रैल 2025 में इस बीमारी की खबर सबके साथ शेयर की थी। इसके बाद वे एएलएस जागरुकता और रिसर्च के लिए काम किया। परिवार ने एएलएस को लेकर जागरुकता फैलाने और दूसरे मरीजों की मदद करने के लिए काफी कोशिशें कीं। परिवार ने फैन्स से मिले प्यार और सपोर्ट के लिए आभार जताया और प्राइवेसी की अपील की है। एरिक डेन को खासतौर से **ABC** के पॉपुलर मेडिकल ड्रामा 'ग्रेज एनाटॉमी' में डॉ. मार्क स्लोन (जिन्हें 'मैकस्टिमी' कहा जाता था) के किरदार के लिए जाना जाता है। उन्होंने 2006 में सीजन 2 में कैमियो से शुरुआत की।



# अजनबी एक-दूसरे को दे रहे थे दिलासा...

**मुंबई।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता भारत लौट आई हैं। वह मिडिल ईस्ट में बढ़ते झगड़ों के बीच अबू धाबी में फंस गई थीं। वापस आने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया है और बताया कि वहां उन्होंने क्या देखा और क्या सुना। आइए आपको बताते हैं कि अबू धाबी में वो कैसे फंसी और भारत कैसे वापस आईं। ईशा ने लिखा, '28 फरवरी के दिन मैं अबू धाबी के एयरपोर्ट पर थी। दोपहर के 1 बजे रहे थे और एयरपोर्ट बंद हो गया था। किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा था। बस चारों ओर अफरा-तफरी मची हुई थी। फिर मिसाइल हमले की खबरें आने लगीं और किसी को नहीं पता था कि अगले मिनट हमारे साथ क्या होगा। अजनबी एक-दूसरे को दिलासा दे रहे थे, सभी अपने परिवार को फोन कर रहे थे।' ईशा ने आगे लिखा, 'मैंने चेक-इन नहीं किया था इसलिए मैं वापस होटल चली गई थी।



# शबाना और जावेद ने मनाई होली ...

**मुंबई।** कई जगह होली आज मनाई जाएगी, लेकिन बॉलीवुड सेलिब्रिटीज कल ही होली के रंग में रंग गए। जावेद अख्तर और शबाना आजमी ने अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। कई बॉलीवुड सेलिब्रिटीज भी परिवार संग होली खेलते नजर आए। होली के रंग में बॉलीवुड भी रंग गया है। कई सेलिब्रिटीज के होली मनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। हर कोई होली की मस्ती में डूबा नजर आ रहा है। अपनों को रंग लगाया जा रहा है। कई सेलेब्स अपने बच्चों संग होली खेल रहे हैं। शबाना आजमी और जावेद अख्तर ने हर साल की तरह इस बार भी अपने घर पर होली पार्टी रखी थी। इसमें कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आए। ऋचा चड्ढा को भी इस होली पार्टी में देखा गया।

टीवी मसाला



# शादी के बाद पार्टनर संग पहली होली खेलेंगे ये टीवी सितारे

**नई दिल्ली।** होली की रौनक अभी से ही चारों तरफ देखने को मिल रही है। होली का त्योहार बेहद खास होता है और टीवी के कई कपल्स ऐसे हैं जिनके लिए ये और भी ज्यादा खास होने वाला है। क्योंकि, ये उनकी शादी के बाद पहली होली होने वाली है। इस लिस्ट में हिना खान-रॉकी जायसवाल से लेकर सारा खान-कृष पाठक तक का नाम शामिल है।

**हिना-रॉकी** : टीवी एक्ट्रेस हिना खान और रॉकी जायसवाल यूं तो सालों से साथ में होली मनाते नजर आ रहे हैं। लेकिन ये होली उनकी शादी के बाद की पहली होली होगी। दोनों बीते साल जून में ही शादी के बंधन में बंधे थे।

**सारा-कृष** : सारा खान और कृष पाठक के लिए भी होली का त्यौहार बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये शादी के बाद उनकी पहली होली होने वाली है। सारा खान और कृष पाठक ने जहां बीते साल अक्टूबर में कोर्ट मैरिज की थी तो वहीं दिसंबर में दोनों ने बिग फैट वेडिंग की।

**जिया-वरुण** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस जिया मानेक और एक्टर वरुण जैन की भी शादी के बाद ये पहली होली होगी। दोनों ने बीते साल परिवार और दोस्तों की खास मौजूदगी में शादी रचाई थी।

**अंकुर -लीना** : अंकुर वर्मा और लीना वर्मा बीती 25 फरवरी को ही शादी के बंधन में बंधे हैं। दोनों की शादी के बाद ये न केवल पहली होली होगी, बल्कि उनका साथ में पहला त्यौहार भी होगा। अंकुर वर्मा ने हरियाणा में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड लीना वर्मा के साथ शादी रचाई थी।

**रूपल-नोमिष** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस रूपल त्यागी ने बीते साल दिसंबर में बॉयफ्रेंड नोमिश भारद्वाज के साथ शादी रचाई थी। शादी के बाद दोनों साथ में पहली होली मनाते नजर आएंगे। रूपल और नोमिश को अक्सर साथ में रोमांटिक पोस्ट डालते हुए देखा जाता है।

**अश्लेषा-संदीप** : अश्लेषा सावंत और संदीप बसवाना यूं तो बीते कई सालों से लिव-इन रिलेशनशिप में हैं और साथ ही होली मनाते हैं। लेकिन बतौर शादीशुदा कपल दोनों की ये पहली होली होगी। उन्होंने बीते साल नवंबर में शादी की थी।

**अविका -मिलिंद** : टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस अविका गोर और मिलिंद चंदवानी की भी शादी के बाद ये पहली होने वाली है। दोनों ने बीते साल 'पति पत्नी और पंगा' में शादी रचाई थी। यूं तो पहले भी कई त्योहार के लिए वे साथ रह चुके हैं, लेकिन बतौर शादीशुदा ये उनकी पहली होली होगी।

# बॉलीवुड की मशहूर होली पार्टियों में मिलती है मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक ...

**मुंबई।** होली भारत के सबसे जीवंत और व्यापक रूप से मनाए जाने वाले त्योहारों में से एक है, और बॉलीवुड अक्सर संगीत, नृत्य और रंगों का संगम करने वाली कुछ बेहतरीन होली पार्टियों का आयोजन करता है। बॉलीवुड की होली पार्टियों में हमेशा से एक जादुई आकर्षण रहा है, जो त्योहार की उमंग और बॉलीवुड की चकाचौंध का अद्भुत संगम है। बच्चन परिवार की पारिवारिक होली पार्टियों से लेकर शाहरुख खान की सितारों से सजी पार्टियों तक, ये यादगार पार्टियां बॉलीवुड के इतिहास में एक किंवदंती बन गई हैं। इन आयोजनों के कुछ खास पल अक्सर सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं, जिससे प्रशंसकों को बॉलीवुड की होली पार्टियों को खास बनाने वाले मस्ती, रंगों और सौहार्द की झलक मिलती है। ये पार्टियां बॉलीवुड की मस्ती और ग्लैमर का अनुभव करने का एक शानदार तरीका हैं।



***बच्चन परिवार की होली पार्टी :*** बॉलीवुड के सबसे चर्चित आयोजनों में से एक है। अमिताभ बच्चन और उनका परिवार, जिसमें उनके बेटे अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या राय बच्चन शामिल हैं, अपने प्रतिष्ठित घर 'जलसा' में भव्य होली उत्सव का आयोजन करते हैं। इस आयोजन में परिवार, दोस्त और फिल्म जगत के सहकर्मी शामिल होते हैं। बच्चन परिवार की होली पार्टियों में पारंपरिक अंदाज तो होता ही है, साथ ही बॉलीवुड की स्टार पावर और ग्लैमर भी झलकती है।

***मन्नत में शाहरुख खान की होली पार्टी :*** शाहरुख खान के प्रतिष्ठित घर मन्नत में आयोजित होली पार्टियां बेहद लोकप्रिय हैं। शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान अपनी शानदार और स्टाइलिश होली पार्टियों के लिए जानी जाती हैं। उनकी पार्टियां आमतौर पर ग्लैमर और मस्ती का मिश्रण होती हैं, जहां बॉलीवुड सितारे, डिजाइनर और समाजसेवी लोग शामिल होते हैं। इंटीरियर डिजाइन में अपनी महारत के लिए मशहूर गौरी, सजावट को हमेशा शानदार बनाए रखती हैं।

# वो रोमांटिक फिल्म, 7 दिन में कमाए 100 करोड़ होली के सुपरहिट सॉन्ग ने तड़पाए जवां दिल

*नई दिल्ली। होली रंगों का त्योहार है। इस त्योहार में मस्ती का आलम कुछ और ही रहता है। दिनभर लोग होली के गानों पर नाचते हैं। होली के गानों में 2013 में आई 'ये जवानी है दीवानी' का एक गाना 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' भी जरूर बजता है। इस गाने और इस ब्लॉकबस्टर फिल्म को बनने की कहानी मजेदार है। इस गाने के शुरुआती बोल कुछ और थे। 'ये जवानी है दीवानी' 2013 में आई एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी जिसे अयान मुखर्जी ने डायरेक्ट किया था। फिल्म की कहानी अयान मुखर्जी और हुसैन दलाल ने लिखी थी. प्रोड्यूसर करण जौहर थे। फिल्म में रनबीर कपूर, दीपिका पादुकोण लीड रोल में थे। कल्कि कोचलिन और आदित्य रॉय कपूर भी नजर आए थे। अयान मुखर्जी ने 2009 में 'वेक अप सिड' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। अयान मुखर्जी ने अपनी ज्यादातर फिल्में रनबीर कपूर के साथ ही बनाई हैं।*

## बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी



'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी' सॉन्ग के बारे में गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था, 'ओरिजनल लाइन गाने में ही है। बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी, बोले रे जमाना खराबी हो गई। मेरे अंग राजा, जो तेरा रंग लागा, तो सीधी-सादी छोरी शराबी हो गई। तो बृज की कन्या शराबी हो गई. गाने को सुनकर संगीतकार प्रीतम और डायरेक्टर ने कहा कि थोड़ा इसे मॉडर्न कर दो। मैंने कहा कि लाइन तो सही है। इतना अच्छा तो लग रही है। फॉक जैसा ही लग रहा है। फिर उन्होंने कहा कि पहली लाइन तो सही लेकिन दूसरी लाइन को थोड़ा बदल दो। फिर मैंने 'जींस पहनके जो तूने मारा ठुमका, तो लट्टू पड़ोसन की भाभी हो गई।'

### म्यूजिक प्रीतम ने किया था कंपोज

फिल्म का म्यूजिक प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया था। उन्होंने पहली बार धर्मा प्रोडक्शंस के लिए काम किया था। गीतकार अमिताभ भट्टाचार्य थे। उन्होंने ही इस फिल्म का सबसे पॉप्युलर होली सॉन्ग 'बलम पिचकारी जो तूने मुझे मारी तो सीधी सादी छोरी शराबी हो गई' लिखा था।'

## हिंदी फिल्मों में हमेशा से होली को बड़े ही खास अंदाज में दिखाया जाता है

# आज भी याद किए जाते हैं इन फिल्मों के ये होली सीन्स

**नई दिल्ली। देशभर में आज होली मनाई जाएगी। होली को लेकर हर किसी में एक अलग ही जोश देखने के मिलता है। हिंदी फिल्मों में भी हमेशा से होली को बड़ी ही खास अंदाज में दिखाया जाता है। आज हम आपको ऐसी 7 होली सीन के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके बिना शायद फिल्म अधूरी लगती।**

***शोले :*** बॉलीवुड की आइकॉनिक फिल्म शोले का होली सीन कोई कैसे भूल सकता है, जब अचानक पूरे गांव में होली का जश्न मातम में बदल जाता है। मूवी में हेमा मालिनी, जया बच्चन, अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, संजीव कुमार जैसे कलाकार लीड रोल में थे। शोले में होली स्पेशल के तौर पर होली के दिन दिल खिल जाते हैं गीत दिखाया गया था। इसके बाद गांव में डाकू गब्बर सिंह की एंट्री होती है और फिल्म का पूरा क्लाईमैक्स बदल जाता है।

***दामिनी :*** इस लिस्ट में मीनाक्षी शेषाद्री, ऋषि कपूर और सनी देओल स्टारर फिल्म 'दामिनी' भी है। फिल्म में होली का सीन है जिसमें सब अच्छे से होली खेल रहे होते हैं और रंग- गुलाल एक दूसरे को लगा रहे होते हैं। होली का फायदा उठाकर फैमिली के ही कुछ लोग घर में काम करने वाली नौकरानी का गैंगरेप करते हैं। इसके बाद एक तरफ जहां परिवार के लोग उसे बचाने की कोशिश करते हैं वहीं, दूसरी तरफ घर की बहू दामिनी यानी मीनाक्षी उसे इंसाफ दिलाने की लड़ाई लड़ती है।



***कबीर सिंह :*** शाहिद कपूर और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'कबीर सिंह' का होली सीन भी काफी जबरदस्त था। इसमें दिखाया गया था कि कैसे कुछ कॉलेज सीनियर स्टूडेंट कियारा को जबरदस्ती रंग लगाते हैं, जिसके बाद कबीर सिंह को इतना गुस्सा आता है कि वो उन्हें बुरी तरह से पीटता है।

***डर :*** यश चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म डर का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। दरअसल, डर में होली स्पेशल सॉन्ग अंग से अंग लगाना दिखाया गया है। इसके अंत में राहुल (शाह रुख खान) जबरदस्ती किरण यानी जूही चावला को रंग लगा देता है, जो सुनील यानी सनी देओल को पसंद नहीं आता है और वह उसका पीछा करता है। इसके बाद डर की कहानी का क्लाईमैक्स चेंज हो जाता है।

***मिर्जापुर :*** इस लिस्ट में फेमस वेब सीरीज मिर्जापुर का होली सीन भी शामिल है। इसमें दिखाया गया कि होली के जश्न के दौरान झगड़ा हो जाता है। जब एक डांसर के साथ मुन्ना भैया डांस करने लगते हैं और इसके बाद दूसरे नेता जी थोड़े नाराज हो जाते हैं और बुरा मान जाते हैं।

***पद्मावत :*** संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत में कई बढ़िया सीक्वेंस देखने को मिले थे। इन्हीं में से एक था होली का सीन और उसका गाना होली। इस गाने में जहां पद्मावत और रतन का रोमांस चल रहा था, वही खिलजी अपनी चाल को पलटने की तैयारी करता है।

***कटी पतंग :*** राजेश खन्ना और आशा पारेख स्टारर फिल्म कटी पतंग में होली स्पेशल गीत खेलेंगे हम होली गीत के बाद दोनों के बीच प्रेम कहानी का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो काफी रोमांचक नजर आता है।

**खबर संक्षेप**



## प्रतिवर्ति प्रभाव रहित आयुर्वेद का पंचकर्म चिकित्सा

**पुसौर।** पंचकर्म चिकित्सा एक ऐसी चिकित्सा है जिसका किसी भी प्रकार का कोई रियेक्शन नहीं होता, बल्कि इसका सटिक प्रभाव सामने आते रहें हैं और संबंधित मरीज को इसका सीधा लाभ भी मिलता रहा है। उक्ताशय के तथ्यों को लेकर पुसौर के भाठिया कालोनी में डा. नंद किशोर खम्हारी के आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सा अस्पताल के उद्घाटन में नगर पंचायत के अध्यक्ष मानी मोहित सतपथी, उपाध्याक्ष उमेश साव एवं सीएमओ ललित मोहन साहू द्वारा साझा किया गया। ज्ञात हो कि पुसौर में अषासकीय तौर पर कोई आयुर्वेद चिकित्सा प्रतिष्ठान नहीं है ऐसे स्थिति में नीजी रूप से स्थापित यह आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान लोगों के लिये उपयोगी हो सकता है। इस अवसर पर उपस्थित पुसौर आयुष विंग प्रमुख डा. चौधरी, डेंटिस्ट डा. शरद पंडा सहित अन्य चिकित्सा से जुडे लोगों ने डा.नंद किशोर खम्हारी द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा उपलब्ध कराने के इस व्यवस्था का सराहना करते हुए कहा कि पुसौर क्षेत्र में इसकी जरूरत थी जो अब पुरी हो गई है।


## पौधरोपण के लिए लैंड बैंक चयन प्रक्रिया प्रारंभ

**रायगढ़।** जिले में क्षतिपूर्ति पौधरोपण के लिए लैंड बैंक स्थापित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इस क्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने रायगढ़ ब्लॉक के ग्राम बंगुरसिया एवं संभलपुरी का डीएफओ अरविंद पीएम के साथ स्थलीय निरीक्षण कर वैकल्पिक वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त भूमि के चयन की कार्यवाही का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को शासन के दिशा.निर्देशों के अनुरूप शीघ्र और सुव्यवस्थित ढंग से भूमि चिन्हांकन करने के निर्देश दिए।

## कापू में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की शुरुआत

**रायगढ़।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा प्रशासन पहुंचेगा जनता के द्वार अभियान के तहत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों की श्रृंखला प्रारंभ की जा रही है। इसकी शुरुआत 6 मार्च को विकासखंड धरमजयगढ़ के तहसील मुख्यालय प्रांगण कापू से होगी। शिविर दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें आमजन अपनी मांगए शिकायत, आवेदन एवं अन्य आवश्यक प्रकरण सीधे जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा 12 मार्च को मुकडेगा लैलूंगा, 13 मार्च को तमनार, 19 मार्च को पुसौर, 20 मार्च को छाल धरमजयगढ़, 27 मार्च को लैलूंगा, 2 अप्रैल को घरघोड़ा तथा 4 अप्रैल को खरसिया तहसील मुख्यालय में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## सेंट जेवियर्स स्कूल को मिली सीबीएसई से संबद्धता



**जशपुरनगर।** सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, शांति भवन जशपुर को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली से संबद्धता प्राप्त हो गई है। विद्यालय को सीबीएसई द्वारा संबद्धता संख्या 3330563 तथा स्कूल कोड 16464 प्रदान किया गया है। विद्यालय में सीबीएसई संबद्धता के लिए 10 जनवरी 2026 को विद्यालय एवं परिसर का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान समिति ने विद्यालय की कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, खेल मैदान तथा अन्य शैक्षणिक सुविधाओं का अवलोकन किया। समिति ने विद्यालय की सुव्यवस्थित व्यवस्था, सुसज्जित प्रयोगशालाओं, समृद्ध पुस्तकालय और विशाल खेल मैदान की सराहना की।

### 97.40 प्रतिशत औसत प्रगति के साथ जिले के सभी ब्लॉक लक्ष्य के करीब

# मजदूरों के ई-केवाईसी में तमनार ब्लॉक अव्वल, 100 फीसदी का लक्ष्य पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत मजदूरों का ई.केवाईसी अभियान तेज गति से आगे बढ़ रहा है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा सभी सातों विकासखंडों में ग्राम पंचायत स्तर पर शत.प्रतिशत ई.केवाईसी सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य योजना में पारदर्शिता बढ़ाना, फर्जीवाड़े पर रोक लगाना और वास्तविक मजदूरों तक समय पर लाभ पहुंचाना है। जिले में वर्तमान स्थिति के अनुसार सक्रिय मनरेगा मजदूरों का औसतन 97.40 प्रतिशत ई.केवाईसी पूरा हो चुका है, जो प्रशासन और नरेगा टीम की सक्रियता को दर्शाता है। इस अभियान में तमनार ब्लॉक ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए 100 प्रतिशत ई.केवाईसी पूरा कर लिया है। कार्यक्रम अधिकारी वीरेंद्र डनसेना के नेतृत्व और नरेगा स्टाफ के सतत प्रयासों से यह लक्ष्य हासिल किया गयाए जिसे जिले के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। अन्य ब्लॉकों की प्रगति भी तेजी से आगे बढ़ रही है। धरमजयगढ़ में 98.16 प्रतिशतए खरसिया में 97.41 प्रतिशत, रायगढ़ में 99.33 प्रतिशत, पुसौर में 96.61 प्रतिशत, घरघोड़ा में 95.77 प्रतिशत तथा लैलूंगा में 95.41 प्रतिशत ई.केवाईसी पूरा हो चुका है। अधिकांश ब्लॉक 95 प्रतिशत से ऊपर पहुंच चुके हैं और जल्द ही शत.प्रतिशत लक्ष्य हासिल होने की संभावना है। सभी कार्यक्रम अधिकारी अपनी टीम के साथ मिशन मोड में काम कर रहे हैं ताकि कोई भी पात्र मजदूर इस प्रक्रिया से वंचित न रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिन मजदूरों का ई.केवाईसी पूरा नहीं होगाए वे मनरेगा के तहत मजदूरी कार्य में शामिल नहीं हो सकेंगे। इसलिए सभी मजदूरों से अपील की गई है कि वे जल्द से जल्द अपने ग्राम पंचायत या अधिकृत केंद्र में जाकर ई.केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराएं। यह पहल ग्रामीण मजदूरों के हित में एक महत्वपूर्ण डिजिटल कदम मानी जा रही है। इससे योजना में पारदर्शिता बढ़ेगी, फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगेगी और वास्तविक मजदूरों को समय पर रोजगार एवं भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा। वहीं तमनार ब्लॉक की उपलब्धि अन्य ब्लॉकों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

## छाल क्षेत्र में मॉडिफाइड साइलेंसर से बढ़ी परेशानी

**छाल।** छाल और आसपास के इलाकों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगी बाइकों की धूम मची है। बाइक चालक सड़कों पर सरेआम पटाखों जैसी तेज आवाज निकालकर दहशत फैला रहे हैं, जिससे न केवल आम राहगीर बल्कि बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति भी परेशान हैं। हैरत की बात यह है कि स्थानीय पुलिस की सुस्ती के कारण इन उपद्रवियों के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि तेज आवाज वाली इन बाइकों को चलाने वाले अधिकांश चालक नाबालिग हैं। बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना किसी डर के ये किशोर रिहायशी इलाकों में फर्राटा भर रहे हैं। पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से अब जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर है। लोगों का कहना है कि यह पुलिस की खुली लापरवाही है। हालांकि रायगढ़ एसपी ने मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने वालों और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का सख्त संदेश जारी किया है, लेकिन छाल क्षेत्र में इसका असर शून्य नजर आ रहा है।

## हर्षोल्लास के साथ अंचल में मना रंगों का महापर्व होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

कोसीर बटाऊपाली सहित अंचल के गांव-गांव में होली पर्व बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सुबह से युवा बच्चे सहित महिलाएं सभी वर्गो मे काफी उत्सुकता दिखाई दी।

रंगों का यह महापर्व होली हिन्दूओ के लिए विशेष माना जाता है। इसकी एक रहस्य मय कहानी भी है यह बुराई में अच्छाई की जीत भी मानी जाती है। भक्त प्रह्लाद की अच्छाई सामने है जिसके याद आज भी लोगो को तरोताजा करते है और बुराई को जलाकर अच्छा करने की धारणा आज भी लोगो को प्रेरित करती है। फलस्वरूप आज पूरे गांव नही अपितु पूरे देश मे होली का पर्व बडे ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम के साथ मनाया जाता है। अनेकता मे एकता भारत की मिशाल है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है यहा हिन्दू मुस्लिम सिख और ईसाई अनेको धर्म के लोग निवासरथ है इसके बावजूद भी एक दूसरे को सहयोग कर एक दूसरे से प्रेम बनाकर रहते है और आज इस होली की महापर्व मे सभी एक दूसरे को रंग लगाकर गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दिया। खासतौर पर युवा व बच्चो में काफी उत्साह नजर आया। युवा वर्ग की टोली झांझ, मंजीरा के साथ फगवा गीत गाकर नृत्य करते हुए दिखे वही बच्चे मे पिचकारी भरकर एक दूसरे को रंग मारते खुशी स्पष्ट रूप से झलके। विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाये घर घर मे बनाये गए विभिन्न प्रकार व्यंजन जिसे आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ एक दूसरे के शेयर कर भाईचारे का संदेश दिया।



## बरमकेला में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

रंगों का पावन पर्व होली पूरे बरमकेला नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर के विभिन्न चौक-चौराहों, मोहल्लों और गांवों में लोग एक.दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस पर्व के रंग में रंगे दिखाई दिए। इस वर्ष होलिका दहन के अगले दिन ग्रहण होने के कारण रंगों की होली एक दिन बाद मनाई गई। दो दिन पूर्व नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया, जिसमें लोगों ने पारंपरिक पूजा.अर्चना कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया और परिवार की सुख.समृद्धि की कामना की। होली के दिन आमए महुआ और परसा के पेड़ों के नीचे लोगों की अच्छी.खासी भीड़ नजर आई। यहां लोग महुआ की कुची और आम के मौर तोड़ते दिखाई दिए। इन्हें अपने इष्ट देव को अर्पित कर पूजा.अर्चना करने की परंपरा को लोग हर साल निभाते आ रहे हैं। इसी कारण सुबह से ही इन पेड़ों के नीचे लोगों की आवाजाही बनी रही और लोग पूजा.अर्चना करते नजर आए। वहीं होली के दौरान प्रशासन द्वारा मुखौटे मास्क के उपयोग पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण इस बार लोग बिना मुखौटे के ही नजर आए। लोगों ने प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से होली का पर्व मनाया। होली के दिन युवाओं ने डीजे और ढोल.नगाड़ों की धुन पर जमकर नृत्य कियाए वहीं बच्चों ने पिचकारी और रंगों के साथ खूब मस्ती की। लोगों ने एक.दूसरे के घर जाकर गुलाल लगाया और मिठाई खिलाकर होली की खुशियां साझा कीं। पूरे नगर में दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा।


## बीजेपी ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा

**बीजेपी छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष हुए शामिल**

बीजेपी ने जिला मुख्यालय सारंगढ़ में होलिका दहन के पावन अवसर पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। यह समारोह न केवल रंगों का उत्सव था, बल्कि बीजेपी परिवार की अटूट एकता, अनुशासन और विजय की अदम्य इच्छाशक्ति का जीवंत प्रतीक बना।

समारोह में प्रदेश स्तर के दिग्गज नेताओं की मौजूदगी ने इसे और भी जोरदार बना दिया। बीजेपी छत्तीसगढ़ प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही ने अपनी उपस्थिति से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया। जिला अध्यक्ष ज्योति पटेलए, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता वेदराम जांगड़े, बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश छात्रावास प्रभारी भारत जाटवार, जिला उपाध्यक्ष अमित तिवारी समेत सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।यह समारोह सिर्फ होली का मिलन नहीं था यह विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के संकल्प का उत्सव था। बीजेपी हर पर्व पर जनता के बीच जाकर सामाजिक सद्भाव, भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश फैला रही है।



## स्कूल में मनाया गया प्री-होली उत्सव

**चंद्रपुर।** सरस्वती इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, चंद्रपुर में होली पर्व के उपलक्ष्य में प्री.होली उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के द्वितीय सत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक.दूसरे को सूखे गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर विद्यालय परिसर रंगों और खुशियों से सराबोर नजर आया। बच्चों के चेहरों पर उमंग और उत्साह साफ झलक रहा था। चारों ओर हंसी.खुशी का माहौल रहा और विद्यार्थियों ने आपसी प्रेमए भाईचारे और सौहार्द के साथ इस पर्व को मनाया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने की प्रेरणा दी गई। साथ ही अनुशासन बनाए रखने और रासायनिक रंगों से बचने की सलाह भी दी गई। प्राचार्य विनोद पटेल ने अपने संदेश में कहा कि होली का त्योहार आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम, एकता और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस पर्व को खुशी और जिम्मेदारी के साथ मनाने के लिए प्रेरित किया।



## संवेदनशील गांवों में भी होली में रही शांति

**पुसौर।** पुसौर टीआई मोहन भारद्वाज एवं उनकी टीम ने होली के पूर्व जहां शांति समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा गणमान्य लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से होली खेलने की अपील की गई थी। वहीं क्षेत्र 120 ग्रामों में पेंट्रोलिंग के लिए 4 टीम बनाकर सघन मॉनिटरिंग की गई। जिसके फलस्वरूप होली को लेकर कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आया। ग्राम त्रिभोना में पुराने रंजिश को लेकर एक झगडा सामने आया था जिस पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। टीआई ने बताया कि जिन संवेदनशील ग्रामों में होली को लेकर प्रायः वारदात होती रही है वहां शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाया गया। त्रिभोना ग्राम जो कि खुशहाल ग्राम से जाना जाता है वहां इस तरह का विवाद हुआ जिसकी उम्मीद पुलिस को नहीं थी। बताया जाता है कि होली में चढे रंग की खुमार होली के बाद इतनी चढी कि पुसौर के तीन तराई के पास जहां लोग स्वच्छ पानी लेने के लिये जाते हैं वहां कृष्णचंद पिता प्यारी यादव नामक युवक पानी लेने गया था कि इतने में 3 नशेबाज एक बाइक में सवार होकर गुरूवार की शाम करीब 5 बजे ठोकर मार दिया जिससे गंभीर चोटें आई।

## सामुदायिक भवन में धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

**बिलाईगढ़।** रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर नगर पंचायत बिलाईगढ़ द्वारा स्थानीय सामुदायिक भवन में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में नगरवासियों के लिए होली पर्व से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे पूरे आयोजन का माहौल उल्लास और उत्साह से भर गया।ौरान पारंपरिक फाग गीतों की मधुर धुन, नगाड़ों की गूंज और डीजे की ताल पर नगर के लोग जमकर थिरकते नजर आए। रंग और गुलाल से सराबोर वातावरण में उपस्थित लोगों ने एक.दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और प्रेम, सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। सामुदायिक भवन परिसर में पूरे समय उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोग होली की खुशियों में सराबोर दिखाई दिए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेमए सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। इस तरह के सामूहिक आयोजन समाज में भाईचारे को मजबूत करते हैं और लोगों को एक.दूसरे के करीब लाने का काम करते हैं। होली मिलन समारोह में नगर के कई गणमान्य नागरिक और व्यापारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर व्यापारी संघ अध्यक्ष प्रदीप देवांगन, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष द्वारका देवांगन सहित नगर के समस्त व्यापारी बंधुए वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर नगर में सुख.शांति, समृद्धि और आपसी सद्भाव की कामना की।



# जहां की पढ़ाई अब उस स्कूल को ली संवारने की जिम्मेदारी



**सरिया।** यह एक प्रेरणादायक पहल है जहां एक सरकारी सेवक ने अपने गांव के प्राथमिक विद्यालय जहां उन्होंने शिक्षा प्राप्त की थी, उसे संवारने में सहयोग प्रदान किया। इस प्रयास से न केवल स्कूल का बुनियादी ढांचा सुधरेगा बल्कि बच्चों को बेहतर सीखने का माहौल मिलेगा। ऐसी पहल अक्सर स्थानीय समुदाय और पूर्व छात्रों के योगदान से सफल होती है।

बरमकेला ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला नदी गांव में इन दिनों यहां के नवाचारी शिक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता के पहल पर हर वर्ष शाला व बच्चों के प्रोत्साहन के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसी सामुदायिक सहभागिता की कड़ी में नदीगांव के राजेंद्र देहरी जो वर्तमान में एक सरकारी सेवक के पद पर कार्यालय अधीक्षक संकेत एवं दूरसंचार दपूम रेलवे रायगढ़ में पदस्थ हैं। उनके द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला नदीगांव में स्मार्ट शाला के तहत अध्यापन व्यवस्था व नई शिक्षा नीति के तहत स्मार्ट कक्षा संचालन हेतु शैक्षणिक गतिविधि से जुड़े सामग्री भेंट किया।

ज्ञात हो कि शिक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता की पहल पर इसके पहले भी कई बार उनके द्वारा शाला के बच्चों को जूता .मोजा, टाई, बेल्ट, पुस्तिका, लेखनी, बैग आदि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किया गया है। शिक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि राजेंद्र देहरी गांव की इसी स्कूल में पढ़ लिखकर आगे बढ़े हैं और सरकारी सेवक के पद पदस्थ हैं। वे गांव के स्कूल में शिक्षा के प्रति उनका विशेष रुचि व समर्पण रहता है। शिक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार और शिक्षा के प्रति जुड़ाव को बढ़ाना है। यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है। जो पूर्व छात्रों को अपनी जड़ों की ओर लौटने और शिक्षा में सुधार करने के लिए प्रेरित करती है। इसी क्रम में राजेंद्र देहरी का यह एक प्रयास जो कि खुद इस प्रणाली से पढ़कर निकला है और शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण सुधार के लिए सहयोग प्रदान कर रहे हैं। शिक्षक कृष्ण कुमार गुप्ता ने बताया कि यह एक प्रेरणा है समाज के लिए क्योंकि प्राथमिक शाला की नीव को मजबूत करने और अगली पीढ़ी को बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से पूर्व छात्र एवं सामाजिक लोग स्कूल के प्रति सहयोग की भावना रखते आ रहे हैं। सरकारी सेवक राजेंद्र देहरी के द्वारा स्कूल में शैक्षिक सामग्री प्रदान करने के अवसर पर सरपंच गौरीशंकर विश्वाल, उपसरपंच दृष्टि देव प्रधान, शाला विकास समिति अध्यक्ष सुनील प्रधान, शिक्षाविद शरद बारीक़, शिक्षक. शिवचरण प्रधान, गोपाल चौहान, श्रीमती अनीता प्रधान, आंनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति स्नेहलता पाण्डेय के साथ-साथ सभी बच्चे भी उपस्थित रहे।





